कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक :—शिविरा / मा. / संस्था / बी—2 / 45002 / प्रधानाचार्य / रिव्यूडीपीसी / 15—16 से 18—19 दिनांक 05.04.2019

—: काउंसलिंग दिशा—निर्देशः—

प्रधानाचार्य उमावि एवं समकक्ष पद पर दिनांक 07.04.2019 को आयोज्य काउंसलिंग से पदस्थापन हेतु दिशा—निर्देशः—

01. वर्तमान में प्रधानाचार्य के लगभग 1800 पद रिक्त है, जो काउंसलिंग में आमंत्रित आशार्थियों की संख्या की तुलना में अत्यधिक हैं। छात्र हित एवं विद्यालयी आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए जिन जिलों में प्रधानाचार्य के 10 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त है उन पदों को प्राथमिकता से भरा जाना है। अतः काउंसलिंग दिनांक 07.04.2019 में 10 प्रतिशत से अधिक रिक्तियों वाले जिलों की ही रिक्तियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रकार करौली, कोटा, बूंदी, चूरू, हनुमानगढ, सवाईमाधोपुर, सीकर, अलवर, टोंक, अजमेर, झुंझूनूं, दौसा एवं जयपुर जिलें में कुल स्वीकृत पदों में से 90 प्रतिशत से अधिक पद भरे होने के कारण इन जिलों की रिक्तियों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।
02. उपर्युक्त बिन्दु संख्या 01 के अनुसार 10 प्रतिशत से न्यून रिक्ति वाले 13 जिलों की रिक्तियां प्रदर्शित नहीं किये जाने पर भी काउंसलिंग में आमंत्रित आशार्थियों की तुलना में तिगुनी से भी अधिक रिक्तियां शेष 20 जिलों के विद्यालयों में उपलब्ध रहती हैं। अतः 10 प्रतिशत से अधिक रिक्तियों वाले 20 जिलों में उपलब्ध स्पष्ट रिक्त पदों को प्रदर्शित कर काउंसलिंग की कार्यवाही की जाएगी।
03. कार्मिकों की वरीयता का निर्धारण शासन के निर्देश दिनांक 12.02.2016 के अनुसार ही किया जाएगा। उक्त निर्देश पत्र के बिंदु संख्या 3(i) से 3(v) तक उल्लेखित विशेष योग्यजन, विधवा / परित्यक्ता महिलाएं, असाध्य रोगी, एकल एवं अन्य महिला अभ्यर्थियों के लिये संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उपर्युक्त बिंदु संख्या—1 में शिथिलन दिया जाकर इन 20 जिलों की रिक्तियों के अतिरिक्त उनके वर्तमान पदस्थापित जिले की समस्त स्पष्ट रिक्तियां भी पृथक से प्रदर्शित की जावेगी। शेष पुरूष अभ्यर्थियों को बिंदु संख्या—2 में उल्लेखित अनुसार 20 जिलों की रिक्तियां ही प्रदर्शित की जाएंगी।
04. बिन्दु संख्या 2 में उल्लेखित रिक्तियों का प्रकाशन RAJEDUCON.COM पर उपर्युक्त बिन्दु संख्या 01 से 03 का स्पष्ट उल्लेख करते हुए किया जाएगा।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर